उद्यान एवं वानिकी महाविद्यालय, चयनित गांव में संचालित की गई गतिविधिया

गांव का नाम – प्रगाश का पुरवा

तहसील एवं पोस्ट – मिल्कीपुर

जनपद – अयोध्या

❖ उद्यान एवं वानिकी महाविद्यालय के चतुर्थ वर्ष के छात्रों द्वारा ग्रामीण कृषि एवं औद्यानिक कार्य अनुभव के अन्तर्गत 90 दिनों का कार्यक्रम माह मई, जून, जुलाई 2022 तक किया गया जिसमें निम्नलिखित गतविधियां की गयीं।

- किसानों की आर्थिक सामाजिक तथा शैक्षिक जानकारी एकत्र कर एक डेटाबेस तैयार किया गया।
- सम्बन्धित छात्रों ने चयनित किसानों द्वारा उगायी जाने वाली फसलों की समस्याओं का निवारण सम्बन्धित वैज्ञानिकों द्वारा कराया।
- चयनित ग्रामसभा में स्कूल में पढ़ रहे छात्रों को उनके उज्जवल भविष्य हेतु समय–समय पर जागरूक किया गया।
- छात्रों द्वारा उत्तर प्रदेश एवं भारत सरकार द्वारा चलाई जा रही योजनाओं के बारे में जानकारी दी।
- छात्र/छात्राओं द्वारा फलों एवं सब्जियों से बनने वाले उत्पाद के बारे में विस्तृत जानकारी दी।
- चयनित गांव की महिलाओं को उनसे सम्बन्धित बीमारियों एवं उनके निवारण के लिये छात्राओं ने जानकारी प्रदान की।
- जुलाई माह के अन्त में छात्र/छात्राओं द्वारा एक किसान गोष्ठी का आयोजन किया गया। इस गोष्ठी में वैज्ञानिकों द्वारा कृषकों को कृषि एवं औद्यानिक फसलों में हो रहे कम उत्पादन को नई तकनीकी जैसे उन्नतिशील बीज, संतुलित खाद एवं उर्वरकों का प्रयोग, कृषि रसायनों का संतुलित मात्रा में प्रयोग करके अधिक

उत्पादन के बारे में विस्तृत जानकारी दी तथा पौधों और बीजों का वितरण भी किया गया।

- 75वें आजादी के अमृत महोत्सव के शुभ अवसर पर दिनांक 11.08.2022 को उद्यान एवं वानिकी महाविद्यालय के अन्तर्गत छात्रों द्वारा स्वच्छता अभियान, वृक्षारोपड़ हेतु जागरूकता कार्यक्रम सम्पन्न किया गया तथा किसानों को फलों की उन्नतिशील प्रजातियों के पौध तथा सब्जियों के बीज वितरित किया गया।
- दिनांक 14.08.2022 को चयनित ग्राम में विभीष्का दिवस मनाया गया जिसमें महाविद्यलय के छात्र/छात्राओं, कर्मचारियों, शिक्षकों द्वारा आजादी में शहीदों के बलिदान को भी याद किया गया। इस अवसर पर माननीय कुलपति महोदय की नेतृत्व में शिक्षक, छात्रों तथा ग्रामीणों द्वारा चयनित ग्राम में वृक्षारोपण का कार्य किया गया।
- दिनांक 15.08.2022 को स्वतन्त्रता दिवस के अवसर पर के छात्रों द्वारा विभिन्न कार्यक्रम किये गये और गांव में तिरंगा फहरा कर प्रभात फेरी भी की।
- चयनित ग्रामसभा में दिनांक 06.10.2022 महाविद्यालय के वैज्ञानिकों एवं शिक्षकों द्वारा गांव के किसानों एव ंकृषक महिलाओं को फलों, सब्जियों, वानिकी, फूलों एवं औषधीय फसलों की खेती की जानकारी तथा उससे होने वाले लाभ के बारे में विस्तृत जानकारी दी गयी।
- चयनित ग्राम में दिनांक 02.12.2022 को महाविद्यालय द्वारा कृषकों को फलदार पौधों का वितरण कर रोपित करावाया गया।
- दिनांक 25.03.2023 को चयनित ग्राम में निक्षय दिवस/विश्व क्षय रोग दिवस के रूप में मनाया गया इस अवसर पर क्षय रोग के विषय में महाविद्यालय के वैज्ञानिकों ने इसके बारे में विस्तृत जानकारी प्रदान की तथा स्वस्थ रहने हेतु विस्तृत रूप से बताया गया। क्षय रोग उन्मूलन हेतु सरकार के द्वारा दी जा रही सुविधाओं के विषय में भी जानकारी प्रदान किया गया। इस अवसर पर गांव के सभी लोगों को पोषक फलों को खाने हेतु महाविद्यालय द्वारा विभिन्न प्रजातियों के फलों एवं सब्जियों के बीज तथा कलमी फलदार पौधों को वितरित किया गया।

- गोद लिये गये गॉव में दिनांक 14 मार्च, 2023 को निक्षय दिवस के रूप में मनाया गया। इस अवसर पर क्षय रोग से ग्रसित दो रोगियों को पोषण पोटली का भी वितरण किया गया साथ ही इनको उच्च प्रजाति के सब्जियों के बीज, फलदार पौधे भी दिये गये।